Markets in the villages Nighdhu, Jamba and Kirmach of Nilokheri area, and

(b) if so, the steps taken or proposed to be taken in the matter?

कृशि मंत्री (ब्रिगेडियर रण सिंह):

(क) जी हां, सिवाये किरमिच के।

(ख) जहां तक किरमिच का सम्बन्ध है वहां पर पहले ही सब यार्ड खोला हुआ है ओर वहां पर अनाज मण्डी बनाने का कोई औचित्य नहीं है। जाम्बा व निगदू में अनाज मंडी बनाने के लिये पूर्ण औचित्य जानने के लिये आव यक सूचना एकत्रित की जा रही है।

T.A./D.A. draws by Chairman of Haryana Khadi Board

***1026. Rao Ram Narain:** Will the Minister for Industries be pleased to state-

(a) the total amount of Pay, T.A. and D.A. drawn by the present Chair man of the Haryana Khadi Board since assumption of office to-date;

(b) the details of appointments made by him in the Khadi Board together with their break up district-wise;

(c) the total amount the present Chairman has spent on furnishing his office;

(d) whether he is entitiled to free residential accommodation; and

(e) if so, the amount of rent that is paid to him for his residence?

उद्योग मंत्री (डा0 मंगल सैन):

(क)

वेतन नीं परन्तु 1000 रूपये प्रति मास की दर से दिनाकं 16—5—1978 से 31—1—79 तक दिया गया मानदेय	8516.13 रूपये
दिनाकं 17—2—1979 तक दिया गया टी0ए0 व डी0ए0	9667.45 रूपये

(ख) विवरणी सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

(ग) 6820 रूपये।

(घ) तथा (च) उनको 1000 रूपये तक प्रति मास किराये की सुविधा दी गई है।

विवरणी

अध्यक्ष खादी बोर्ड द्वारा बोर्ड में की गई नियुक्तियों का जिलावार विवरण

क्रम संख्या	पद का नाम	नियुक्ति का स्थान	संख्या
1	चपड़ासी	भिवानी	1
2	दैनिक मजदूर/चपड़ासी	मुख्यालय	3
3	जमादार	मुख्यालय	1
4	चौकीदार–कम–माली	मुख्यालय	1
5	लिपिक	सिरसा	1
6	स्टैनो/टाईपिस्ट	मुख्यालय	1
7	जिला निरीक्षक तेल उद्योग	भिवानी	1
		कुल	**9**

Water Supply sCheme in Jhajjar Assembly Constituency

***1000. Captain Mange Ram:** Will the Minister for Public Works bw pleased to state whether any water supply scheme for the supply of drinking water in Jhajjar Assembly Constituency has been prepared; if so, the details thereof together with the period by which it is likely to be implemented?

लोक निर्माण मंत्री (श्री लछमन सिंह): जी हां। ढाकला गांव में पीने के पानी की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। पाचं और गांव कोका, कुलाना, रत्नथल, असदपुरखेडा तथा सुबाना की योजना पर कार्य हो रहा है। सात अतिरिक्त गांवो के लिये अनुमान तैयार किया जा चुका है।

योजना को कार्यान्वित करने की कोई तिथि निर्धारित नहीं की जा सकती क्योंकि यह धन रा ि ा की उपलब्धि पर निर्भर करता है।

अतारांकित प्र न एवं उत्तर

Illiterate children in the State

232. Swami Adityavesh: Will the Minister for Educaiton be pleased to state-

(a) the total number of illiterate boys and girls in the age group of 3 to 14 years during the year 1978-79 in the State; and

(b) the scheme formulated by the Government to make them literate together with the number of children included under the said scheme for making them literate?

ि ाक्षा मंत्री (श्री हीरानन्द आर्य):

(क) लगभग 2348357 थी।

(ख) ि ाक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा यूनिवर्सलाईजे ान आफ एलीमैंटरी एजुके ान के अन्तर्गत स्कीम बनाई गई है और स्कीम के ड्राफट या मास्टर प्लान (मध्यावधि योजना 1978–83) के अनुसार 827000 अनपढ़ लड़के और लड़कियों को 1983 तक ि ाक्षा प्रदान कर दी जाएगी।

Report of Pipli, Nagina firing incidents

233. Swami Adityvesh & Rao Ram Narain: Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) whether the report of the Enquiry Commission on the incident of firing at Nagina and Pipli has since been received by the Government;

(b) if so, the dsate on which the said report was received; and

(c) the action taken by the Government against the officers who were found guilty according to the findings of the said Commission?

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल):

(क) जी हां।

(ख) 17–8–1978।

(ग)(ए) निम्नलिखित सरकारी अधिकारियो/कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया है:–

(1) श्री आर0एस0 अग्रवाल तथा श्री रणजीत सिंह, एच0सी0एम0।

(2) श्री जय सिंह तथा री चन्दन सिंह, पुलिस उप–अधीक्षक।

(3) श्री महिन्द्र सिंह, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी।

(4) श्री बचना राम, श्री महाबीर प्रसाद, श्री धारा सिंह तथा श्री मंगल सिंह, सिपाही।

(5) श्री दया चन्द, गार्ड कमान्डर।

(बी) आयोग के निश्कर्शों के अनुसार दोशी पाये गये व्यक्तियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही आरमी करने हेतू उनके विभागो को कह दिया गया है।

Construction of new roads in the State

234. Swami Adityavesh: will the Minister for Public Works be pleased to state the constituency wise totoal Kilometres of new roads constructed in the State during the period from 4th June, 1978 to 31st December, 1978?

Public Works Minister(Sh. Lachhman Singh): The required information is given in the attached statement.

STATEMENT

The process of road construction involves earth-work, collection of material for soling and wearing, laying, soling, laying and consolidation of wearing (metalling) and tarring surface and the work done during the period from 4-6-78 to 31-12-78 is given below. The road is considered as constructed when metalling is completed.

Sr. No.	Name of Constituency	Progress achieved from 4-6-1978 to 31-12-78					
		Earth Work	Collection of soling	Collection of stone Metal for wearing	Soling laid	Wearing laid (metalling)	Trarring
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	**Ambala District**						
1	Kalka	5.23	2.20	2.30	2.90	4.50	5.80
2	Naraingarh	1.02	1.40	1.40	4.05	1.83	2.40
3	Sadhaura	0.50	3.80	3.80	2.80	3.01	-
4	Chhachhrauli	0.50	1.90	0.20	6.21	6.13	1.86
5	Jagadhri	1.20	1.90	1.99	1.99	1.96	-
6	Yamuna Nagar	0.68	1.20	0.90	4.48	4.47	-
7	Mullana	0.60	0.10	0.10	0.10	-	-

8	Ambala Cantt	-	-	-	-	-	-
9	Ambala City	-	-	-	-	-	-
10	Nagal	-	5.04	5.20	4.29	1.99	0.60
Total		**9.73**	**17.63**	**15.89**	**26.82**	**23.89**	**10.66**
II. Karnal District							
11	Indri	5.20	2.48	1.53	0.48	0.48	1.50
12	Nilodkheri	1.40	0.85	0.50	0.85	0.35	-
13	Karnal	0.30	0.80	4.70	0.50	4.70	2.70
14	Jundla	3.50	1.17	-	1.17	1.17	1.40
15	Gharaunda	0.60	2.45	0.95	1.45	1.45	2.45
16	Assandh	1.00	-	-	-	-	0.60
17	Panipat	-	-	-	-	-	-
18	Smalkha	-	-	-	-	-	-
19	Naultha	0.50	2.50	5.75	1.50	-	-
Total		**12.50**	**10.25**	**13.43**	**5.95**	**8.15**	**8.65**
III. Kurukshetra District							
20	Shahabad	2.60	2.10	2.10	2.10	2.35	-
21	Radaur	1.20	-	-	-	-	4.20

22	Thanesar	0.10	3.70	5.00	3.20	3.92	3.10
23	Pehowa	2.30	3.22	3.52	2.72	2.70	1.27
24	Gulha	5.85	13.37	8.15	12.27	5.56	8.79
25	Kaithal	1.10	1.65	1.40	1.65	1.40	0.10
26	Pundri	-	-	-	-	-	-
27	Pai	2.45	0.80	0.50	-	-	-
Total		**15.40**	**24.84**	**20.67**	**21.94**	**15.93**	**17.46**
IV. Rohtak District							
28	Hassangarh	-	-	-	-	-	-
29	Kiloi	1.20	-	-	-	-	-
30	Rohtak	-	-	-	-	-	--
31	Meham	3.00	-	-	-	-	-
32	Kalanaur	0.40	4.00	4.50	4.00	4.50	2.00
33	Beri	2.20	-	-	-	-	-
34	Sahlawas	0.70	2.90	0.50	2.90	2.50	2.60
35	Jhajjar	-	0.70	2.00	0.70	0.50	1.80
36	Badli	-	0.20	-	0.20	-	-
37	Bahadurgarh	0.20	0.20	-	0.20	-	-
Total		**7.70**	**8.00**	**7.00**	**8.00**	**7.50**	**6.40**

V. Sonepat Disrict							
38	Baroda	1.40	1.40	3.40	1.40	4.20	8.06
39	Gohana	0.30	3.50	2.70	4.40	4.40	1.00
40	Kailana	-	-	-	-	2.20	-
41	Sonepat	-	-	-	-	-	-
42	Rai	-	-	-	-	-	-
43	Rohtak		-	-	-	-	
Total		**1.70**	**4.90**	**6.10**	**5.80**	**10.80**	**9.06**
Vi. Jind District							
44	Kalayat	0.50	7.50	2.80	5.70	-	-
45	Narwana	7.68	4.10	3.00	3.10	-	-
46	Uchana	-	-	-	-	-	-
47	Rajaund	7.20	-	-	3.20	-	-
48	Jind	-	-	-	-	-	-
49	Julana	2.80	0.20	-	-	-	-
50	Safidon	1.10	0.80	1.20	0.80	-	3.10
Total		**19.28**	**12.60**	**7.00**	**12.80**	**1.40**	**3.10**
VII. Gurgaon District							
51	Faridabad	-	-	-	-	-	-

52	Mewa Maharajpur	0.20	0.20	1.50	1.85	4.20	3.00
53	Ballabhgarh	0.92	-	-	0.32	-	0.32
54	Palwal	1.00	2.00	0.93	1.20	1.20	2.46
55	Hassanpur	-	0.50	0.50	3.40	2.77	2.77
56	Hathin	-	0.25	0.25	0.25	-	-
57	Ferozepur Jhirka	-	0.70	0.70	-	-	-
58	Nuh	0.40	3.05	3.05	4.98	3.47	-
59	Taoru	2.25	2.05	3.05	2.89	2.60	3.00
60	Sohna	2.00	1.87	0.40	3.37	3.47	4.47
61	Gurgaon	-	-	-	-	-	---
62	Pataudi	0.80	1.00	2.00	2.50	3.54	3.94
Total		**7.37**	**11.42**	**11.18**	**20.56**	**21.25**	**18.96**
VIII. Bhiwani District							
63	Bhadra	1.60	2.10	1.10	3.10	2.10	1.10
64	Dadri	-	-	-	-	-	-
65	Mundhal	0.50	1.13	1.86	1.13	1.03	-
66	Bhiwani	2.13	6.70	6.20	4.00	4.07	0.70

67	Tosham	-	-	3.00	-	6.15	3.00
68	Loharu	-	1.70	1.00	2.20	1.40	1.50
69	Bawani Khera	1.60	4.47	1.60	4.30	6.77	1.20
Total		**5.83**	**16.10**	**14.76**	**14.73**	**21.52**	**7.50**
IX. Hissar District							
70	Barwala	7.50	-	-	-	6.20	2.00
71	Narnaund	-	-	3.80	2.45	9.36	9.81
72	Hansi	-	-	0.60	-	2.08	-
73	Bhattu Kalan	4.50	-	-	-	-	-
74	Hissar	-	-	-	-	-	-
75	Ghirai	12.08	3.00	5.08	3.00	-	-
76	Tohana	3.45	5.45	3.60	4.95	3.10	-
77	Ratia	6.70	3.00	4.10	2.40	0.40	0.40
78	Fatehabad	1.30	-	2.00	-	1.00	-
79	Adampur	1.73	0.30	-	3.30	-	-
Total		**37.26**	**11.75**	**19.18**	**12.10**	**16.14**	**12.21**
X. Sirsa District							
80	Darba Kalan	6.35	6.55	8.55	5.85	6.65	13.15
81	Ellanabad	1.10	3.69	9.53	3.89	8.59	11.89

82	Sirsa	1.00	3.00	5.00	2.50	2.80	5.00
83	Rori	9.70	17.27	14.66	16.58	5.06	9.00
84	Dabwali	8.24	11.85	15.00	11.05	9.55	10.34
Total		**26.39**	**42.36**	**52.74**	**39.87**	**34.65**	**49.38**
XI. Mohindergarh District							
85	Bawal	0.50	3.75	2.25	2.25	2.00	-
86	Rewari	1.46	11.17	11.17	11.17	9.67	3.41
87	Jatusana	-	5.18	5.10	4.78	6.80	1.30
88	Mohindergarh	-	1.50	1.50	1.50	1.50	-
89	Ateli	-	0.50	3.20	0.50	1.50	4.00
90	Narnaul	1.60	1.00	1.00	1.00	1.40	1.50
Total		**3.56**	**23.10**	**24.22**	**21.20**	**22.87**	**10.21**
Grant Total		**146.72**	**182.95**	**192.17**	**189.77**	**184.10**	**153.63**

Bridge on Gaunchi Drain

235. Swami Adityavesh: Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a bridge over the Gaunchi drain to link the Hathin and Reendka villages; and

(b) if so, the time by which it is likely to be completed?

लोक निर्माण मंत्री (श्री लछमन सिंह):

(ए) जी हां।

(बी) कार्य प्रारम्भ होने से लगभग 18 मास में पूर्ण होने की सम्भावना है। प्रारम्भ होने की तिथि फ्ण्डज की उपलब्धि पर निर्भर करती है।

वि ोशाधिकार भंग का प्र न

(At this stage several members rose in their seats)

Mr. Speaker: When I am on my legs, I would request the hon. members to please resume their seats.

Hon. Members, I have received a notice of a question of breach of privilege from Shri Shamsher Singh Surjewala, M.L.A. concerning a deliberate misleading statement made by Shri Ram Lal Wadhwa, Loacl Government Minister, on the 27th December, 1978, thereby committing a grave contempt of the privileges of the House.

Hon. Members, considering the seriousness of the matter, I have personally devoted great thought and have personally examined the case in the minutest of detail. I devoted atleast four hours yesterday going through the records of the sitting of the House held on the 27th December, 1978. I have also examined the documents and the motion submitted by Shri Surjewala and the documents submitted thereafter by Shri Ram Lal Wadhwa. While examining all these documents, I have constantly kept in mind the highest traditions of the

maintenance of democratic traditions followed by this August House as also the established traditions of the complete impartiality and fairness of the office of the Spaeker. Even so, I will briefly bring out the facts of the case before the House. These are as follows-

On the 27th December, 1978, Shri Shamsher Singh stated as follows-

''उपाध्यक्ष महोदय, जो लोकल बौडीज के मंत्री है, उनके खिलाफ आज करनाल के सी0जे0एम0 की कोर्ट में 193 आई0पी0सी0 के तहत कम्पलेन्ट दर्ज है। ''

इसके जवाब में श्री रामलाल वधवा, लोकल सैल्फ गवर्नमेंट मिनिस्टर साहब ने इस माफिक बोलाः

''डिप्टी स्पीकर साहब, चूंकि इनहोने हाउसमें मामला उठाया है इसलिये इन्हें बता देताह ूं कि कल दिनांक 26—12—1978 को सी0जे0एम0 साहब ने फैसला सुना दिया है और उस केस को डिसमिस कर दिया है।''

उसके बाद श्री भाम ोर सिंह ने कहाः

''अगर सी0जे0एम0 साहब ने वह फैसला दे दिया है तो भी कल से पहले तो यह मंत्री रहे, 8 महीने से मुलजिम होते हुये भी यहां विराजमान रहे।'' (विघन)

After some interruptions, Shri Ram Lal Wadhwa, Local Self Government Minister, again replied as follows:

"This was merely a complaint by some person. (Interruptions) Any person can file any complaint against any one."

In the end, Shri Shamsher Singh Surjewala again stated-

''वह किसी मामूली आदमी की कम्पलेंट नहीं थी बल्कि पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के फारमर चीफ जस्टिस श्री ए0ड0 कौशल ने वह कम्पलेंट कर रखी थी। अगर आप बरी हो गये है तो अच्छी बात है।''

उसके बाद हाउस में काफी विघन यानी इन्ट्रप ान्ज हुई।

Now, Hon. Members, the pertinent facts as revealed after my detailed examination are as follows:-

While the notice of question of breach of privilege was under examination in my Secretariat, Shri Ram Lal Wadhwa also addressed a letter dated the Ist March, 1979, in theis regard. An examination of the documents attached with this letter reveals that there certainly was a case pending against Shri Ram Lal Wadhwa in the court of Chief Judicial Magistrate. this was heard and dismissed on the 26th December, 1978 and , as such, Shri Ram Lal Wadhwa did not make any false statement about the dismissal of thecase on the 26th December, 1978 in the court of the Chief Judicial Magistrate, Karnal. Further, the documents submitted alongwith the notice given by Shri Surjewala , M.L.A., have been examined by me. Rule 262 of the Rules of Procedure and

Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly states that if a notice refers toa adocument, the document should be attached with the notice. The documents submitted by Shri Surjewala are attested by him personally and not certified by the court. It is a normal procedure that the court's documents should be attested by the court from which they are obtained. The documents submitted by Shri Surjewala though attested by him are not attested by the court. On this ground alone, the documents are not maintainable. Further, Kaul and Shakdher in their widely accepted treatise on the Practice and Procedure of Parliament at page 252 have stated that a question of breach of privilege to be in order should contain a deliberate lie. In this particular case, the statement was made by the Minister on the spur of the moment and can by no stretch of imagination be termed as a deliberate lie.

Hon. Members, after giving due consideration to all these facts stated above, I hereby rule that this notice of privilege is out of order and hence I withhold my consent to raise this question of privilege.

श्री भाम ेर सिंह: * * * * * *
* * * * * * * * * * *
*

Mr. Speaker: I have given my ruling and I would reques the Hon. Member to honour the ruling given by the Speaker. If, however……

राव बीरेन्द्र सिंह: * * * * * *
*

Shri Shamsher Singh: * * * * *

Mr. Speaker: I have got the rule with me. You need not quote the rule. (Interruptions) I would only request the members to resume their seats. Whatever ruling I have given. I have given after a very very deliberate and through examination of the question. I am absolutely confident of my ruling. If thee is anything \further that the hon. Member would like to discuss with me, he may kindly do so in my chamber.

Shri Surrender Singh: Mr. Speaker.....

Mr. Speaker: On this matter I will not enter into any discussion. (Interruptions)Even this much privilege I gave because I wanted to give full and fair chance.

श्री सुरेन्द्र सिंहः * * * * * *

*(व्यवधान)

श्री अध्यक्षः चौधरी सुरेन्द्र सिह जी, आप बैठ जाइये। मैंने लगातार 4 घंटे लगाकर 27 तारीख को प्रोसीडिगज को स्टडी किया हैं (ाोर एवं व्यवधान) मैं सदन को बताना चाहता हूं। (ाोर) Please do not interruput. I would request the Hon'ble Members to sit down. मैने 27 तारीख की प्रोसीडिगंज को बडे गौर से चार घंट`लगा कर पूरी तरह से स्टडी किया हैं और मैं कंविनस्ड हूं कि चौधरी राम लाल वधवा ने कोइ फाल्स स्टेटमेन्ट नहीं दिया है।

श्री भाम ोर सिंहः * * * * * *

*

श्री अध्यक्षः मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप बैठ जायें। (व्यवधान) If there is anything. I would request you to discuss it in my chamber.

श्री भाम ोर सिंहः * * * * * *

*

मुख्यमंत्री (चौधरी देवी लाल)* * * *

*

श्री अध्यक्षः मेरी रूंलिग के बाद कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं हो सकता हैं (ाोर) Tehre can be no point of order on the ruling.

श्री भाम ोर सिंहः * * * * * *

*

श्री अध्यक्षः मुझे चौधरी हरस्वरूप बूरा की ओर से (व्यवधान) No interruptions please.

राव बीरेन्द्र सिंहः * * * * * *

*

Mr. Speaker: Rao Sahib, please do not interrupt. I have given full opportunity. Please sit down when I am on my legs.

Rao Birender Singh: * * * * *
*

उद्योग मंत्री (डा0 मंगल सैन): * * * *
*

श्री सुरेन्द्र सिंहः * * * * * *
*

डा0 मंगल सैनः * * * * * *
*

श्री सुरेन्द्र सिंहः * * * * * *
*

डा0मंगल सैनः * * * * * * *

Mr. Speaker: I would request the Hon. Members to please sit down.

राव बीरेन्द्र सिंहः * * * * * *
*

Mr. Speaker: I would request the Hon'ble Members to sit down (Interruptions)

श्री सुरेन्द्र सिंहः * * * * * *
*

Mr. Speaker; Order please. iwould request the Hon Members to please take their seats.

वाक आउट

Rao Birender Singh: We are sorry, in protest we walk out.

Mr. Speaker: I can only request the hon. Members to please take their seats.

Rao Birender Singh: We have to show our protest against the injustice.

(इस समय सर्वश्री बीरेन्द्र सिंह राव, भाम ोर सिंह, दलीप सिंह राव, इन्द्रजीत सिंह, मांगे राम गुप्ता और नारायण सिंह एदनससे वाक आउट कर गये।)

मुख्यमंत्री (चौधरी देवी लाल): स्पीकर साहब, आपकी रूलिगं के बाद जो भी प्रोसीडिग्ज है वह ऐक्सपंज होनी चाहिये।

Mr. Speaker: After I gave my ruling, all the proceedings relating thereto should be expunged.

उद्योग मंत्री (डा0 मंगल सैन): स्पीकर साहब, मैं एक बात आपके नोटिस में लाना चाहता हूं। स्पीकर का पद इस हाउस का सबसे डिगनीफाइड पद है और आप हमें कन्ट्रोल करते है चाहता आप यहां की डिगनिटी और डैकोरम के कस्टोडियन है। स्पीकरसाहब, गवर्नमेंट की पालिसी के खिलाफ तो वाक आउट समझ में आता है लेकिन अध्यक्ष की रूलिंग के खिलाफ वाक आउट करना is derogatory to the Chair. इसलिये मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि आपको इसका नोटिस लेना चाहिये।

श्री अध्यक्षः मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि मै अपने धर्म कर्म से जो भी काम करता हूं वह बिल्कुल इम्पारि ायल होकर काम करता हूं। इस नाजुक केस के अन्दर मै रिएलाइज करता हूं कि इस वक्त जो हाउस की सिचुए ान है और यहां पर ट्रेजरी बेन्चिज की औवर वेलमिग मैजोरिटी है इसलिये मैं अपनी तरफ से अपोजी ान बेन्चिज का जितना हक है उससे ज्यादा हक देता हूं। मुंझे इस बात का दुख है कि इतना गौर करने के बाद मैने फैसला दिया था और मेरी रूलिंग के बाद इतना भाोर भाराबा हुआ और मेंबर साहिबान ने वाक आउट किया। इसका मै बुरा नहीं मानता लेकिन मै इतना ही कह सकता हूं कि मुझे बडा दुख है।

श्रीमती सुशमा स्वराजः स्पीकर साहब, मै एक दरखास्त करना चाहती हूॅ.....

श्री अध्यक्षः आप बैठिये।

ध्यानाकर्शण सूचना

19–2–1979 को बहादुरगढ़ उपमंडल के गांवों में तूफान से खड़ी फसलों के नश्ट होने सम्बन्धी

श्री अध्यक्षः मुझे श्री हर स्वरूप बूरा, एम0एल0ए0 का काल अटैन ान नोटिस मिला है.....

स्वामी आदित्यवे ाः अध्यक्ष महोदय, मैने भी एक प्रस्ताव भेजा था। (ाोर)

श्री अध्यक्षः स्वामी जी आप बैठ जाइये। ...मुझे श्री हरस्वरूप बूरा, एम0एल0ए0 से भारी तूफान की वजह से 19–2–79 को बहादुरगढ़ सब–डिवीजन के लगभग 30 गांव, महम ब्लाक के दस गांव और नाहर सब तहसील के कुछ गांवो में दूर–दूर तक हुई तबाही के बारे में ध्यान दिलाओ प्रस्ताव का नोटिस मिला है। प्रस्ताव को मन्जूर किया जाता है आनरेबल मैंबर अपना प्रस्ताव पढ दे। रैवेन्यू मिनिस्टर अपना ब्यान देना चाहते है तो दे सकते है ओर अगर वक्त लेना चाहते है तो वह भी उनको दिया जायेगा।

सदस्य को निकालना

स्वामी आदित्यवे ाः अध्यक्ष महोदय, आगरा नहर के बारे में और उसकी माइनर के बारे में मैनें एक ध्यानाकर्शण प्रस्ताव भेजा था लेकिन अभी तक मुझे उसका जवाब नहीं मिला कि वह स्वीकार हुआ है या रिजैक्ट हो गया ळैं यह एक बडा अहम सवाल है। तीस गांवों को फसल तबाह हो गई है और पाचास लाख का नुकसान हुआ है। प ा और चारा आदि का काफी नुकसान हुआ है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः स्वामी जी आप बैठ जाइए otherwise I will name you. मैं सदन को बताना चाहता हूं कि मैं हाउस में इंडिस्पिलिन कतई बर्दा त नहीं करूंगा और मै आपसे दरखास्त करूंगा कि जो मैनें रूलिंग दी है वह काफी विचार करने के बाद

दी है। (ाोर) स्वामी जी आप बैठ जाइये। जब मैं अने फीट पर हूं तो आपको बैठ जाना चाहिये। (ाोर)

स्वामी आदित्यवे I: अध्यक्ष महोदय, मुझे कुछ तो जवाब मिलना ही चाहिये।

Mr. Speaker: I will name you, Swami Ji, please take you seat.

स्वामी आदित्यवे I: जो मामला मैनें भेजा है वह बडा जरूरी है आपको उस पर गौर करना चाहिये।

श्री अध्यक्ष: स्वामी जी अगर आप नहीं बैठते हजै तो I name you.

स्वामी आदित्यवे I: स्पीकर साहब, वहां पर लोगों का बहुत नुकसान हुआ है.....

Mr. Speaker: You have been named. Kindly withdraw from the House.

(At this stage Swami Adityavesh left the House)

ध्यानाकर्शण सूचना (पुनरारम्भ)

चौधरी हरस्वरूप बूरा: मैं सदन का ध्यान इस तथ्य की और दिलाना चाहता हूं कि 19–2–1979 को बहादुरगढ उपमंडल के लगभग 30 गांवों, मेहम ब्लाक के 10 गांवों तथा नाहर उप

तहसील के कुछ गांवों मे प्रचंड तथा भंयकर तुफान से दूर–दूर तक तबाही हुई।

इन गांवों में गेहूं, सरसों, चने, गन्ने की खडी फसलें पूर्णतया नश्ट हो गई है। बहादुरगढ उप–मंडल में 25 कि0मी0 लम्बे तथा 2 कि0मी0 चौडें कटिबन्ध में बहुत अधिक तबाही हुंई। करोर गांव में सरसों की फसल पूर्णतया नश्ट हो गई।

ओलों का वजन लगभग 100–200 ग्राम था। समस्त क्षेत्र एक फुट ओलों की गहरी चादर से ढक गया। इन गांवों के किसानों को सहायता के रूप में अनाज तथा अनुदान देने के लिये तुरन्त राहत कार्य किये जाए। इन्हें बिना ब्याज के ऋण दिया जाए। इसके अतिरिक्त आबियाना तथा राजस्व माफ किया जाये। ऋणों की वसूली एक वर्श के लिये स्थगित कर दी जाये। बिजली के बिलों की अदायगी यदि कोई हो उस समय तक निलम्बित कर दिये जाये जब तक कि पूर्ण हानि का पता न चले। छोटे छोट कियानों की सबसे अधिक हानि हुई।

(इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुये)

श्रीमती सुशमा स्वराजः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्र न हैं आज जब स्वामी अग्निवे ा हिन्दी के मसले पर बोल रहे थे तो अध्यक्ष महोदय ने उनको सदन से चले जाने की आज्ञा दी और उनकी आज्ञा से वे चले गये। संसदीय प्रणाली के अनुसार मैं अध्यक्ष के आदे ा को चुनौती नहीं दे सकती हूं लेकिन मैं

प्रार्थना करना चाहती हूं कि स्वामी अग्निवे ा को और स्वामी आदित्यवे ा दोनों को वापिस बुला लिया जाये।

श्री उपाध्यक्षः ठीक है, वे हाउस में आ जायें।

वित्त मंत्री का ध्यानाकर्शण सूचना के बारे में वक्तव्य

वित्त मंत्री (श्री मूल चन्द जैन): डिप्टी स्पीकर साहब, अभी मेरे माननीय दोस्त श्री बूरा ने हरियाणा में ओले पडने से जो नुकसान हुआ है उसके सम्बन्ध में हाउस की तवज्जुह दिलाई है। मैं सरकार की तरॅ से कहना चाहता हूं कि सरकार को इस आपत्ति पर बडा खेद है और जिस तरीके से पिछले सवाल ओले पडने से जिन इलाकों में नुक्सान हुआ था और जो रिलीफ पिछले साल दी गई थी वह तो तमाम रहेगी ही लेकिन उसके अलावा जिनका 75 से ज्यादा फसल का नुकसान हुआ है उन्हें तीन सौ रूपया फी एकड़ मुआवजा दिया जायेगा और जिनका पचास से 75 तक नुकसान हुआ है उन्हे दो सौ रूपया फी एकड़ दिया जायेगा और जिनका नुकसान 25 से 50 फीसदी तक हुआ है उनको 100 रूपया फी एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जायेगा। यह जो रियायत सरकार ने दी है, यह पिछले साल से ज्यादा है (तालियां)। इसके साथ मैं हाउस को यह भी जानकारी देना चाहता हूं कि पिछले साल बिजली के उपर जो सरकार ने तकावी द्वारा रियायत दी थी, वह इस साल भी दी जायेगी। (तालियों) इन

भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा

चौधरी खुर ीद अहमद (तावडू): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी इजाजत से यह तजवीज पे ा करता हूं कि गवर्नर साहब की खिदमत में मुदरजा जैल अलफाज में एक तहरीक पे ा की जाये:—

'कि हरियाणा विधान सभा के मेम्बरान जो इस सै ान में भाामिल हुये है, गवर्नर साहब के, उनकी तकरीर के लिये जो उन्होने 28 फरवरी, 1979 को अवाम के सामने दी हैख, तहदिल से भाुक्रगुजार है।'

डिप्टी स्पीकर साहब, गवर्नर साहब ने अपनी तकरीर में पिछले साल जो मुखतलिफ कामों पर खर्चा किया गया है, उसका जिकर यिका है। इसके साथ—साथ तमाम हरियाणा की हालात का नक ाा भी खींचा है और जो काम हमने आनें वाले साल में करने है, उन सब का जिक्र भी अपनी तकरीर में किया है कि आने वाले साल में हम ने क्या—क्या करना हैं गवर्नर साहब ने अपने ऐड्रेस में हरियाणा को हर तरफ से आगे बढ़ता हुआ दिखाया है। एडमिनिस्ट्रे ान की सफलता एक नई रो ानी की तरफ एक कदम है लेकिन बदकिस्मती की बात यह है कि जबसे हमारी सरकार का गठन हुआ है तब से हमारे सूबे पर सैलाब की एक ऐसी मुसीबत

आ पडी है जोकि हमारे सब के उपर एक लानत के तौर पर छाई हुई है, जिससे हम मुतासिर होते हैं देहातों में रहने वाले हमारे भाईयों के लिये यह मसला बडा अहम हो जाता है जिसका इलाज अभी तक नहीं हो पाया था लेकिन हमारी सरकार की कोि ा ाों और हमारे मेहनती इंजीनियरों के कारण, उनकी दिन रात की काम की लग्न के कारण अब यह मसला काफी हद तक हल हो गया हैं इसके बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार ने जो प्लान बनाये है उसके मुताबिक लोगों को रिलीफ मिल गई है। हमारा गुडगांव का इलाका ऐसा था जहां पर बहुत सारा इलाका सैलाब के नीचे था लेकिन आज वहां पर हमारी सरकार और इंजीनियरों की मेहनत और लग्न के कारण काफी जमीन फसलों के नीचे है और अब वहां पर सब कुछ बोया जा सकताहै। इस साल हमारी सरकार ने जो बडी–बड़ी प्लान है। सरकारकी कई स्कीमों में से, मैं यहां पर एक स्कीम का जिक करना चाहता हूं जिसका नाम है उजीना डाइव र्न ड्रेन। इस ड्रेन के पहले हिस्सा को ही जुलाई, 1978 में तैयार करके चालू कर दिया गयाथा जिसके कारण गुड़गावं जिला के काफी सारे रकबें को सैलाब से बचा लिया गया है और अब वहां पर रबी की फसलें बोई जाती है। इससे पहले यह सारा इलाका पानी में डूबा रहता था। गुड़गांव में एक खिडवी गांव था वहां पर एक समस्या थी, वहां पर हर समय पानी उमड कर सामने खडा रहता था लेकिन अब हमारे लायक इंजीनियर्ज ने बडी मेहनत के साथ वहां पर काम किया है और वे वहां से पानी को निकालने में कामयाब हो गये है। मुझे पता चला है कि इस

साल वहां पर काम और तेजी स `चल रहा है और हमारे इंजीनियर्ज ने अमेरिका के इंजीनियर्ज से गाइडेन्स लेकर इस काम को पूरा किया है। पहले हम 400 क्युसिक पानी राजस्थान की तरफ निकालते थे लेकिन अब हम खुद ही 2200 कयुसिक पापनी को निकालने की ताकत रखते हैं इससे बडी कामयाबी सरकार की और क्या हो सकती हैं। इससे सारे हरियाणा के किसानों को राहत मिलेगी। इस ड्रेन पर जो भी काम हो रहा है वह सभी इंजीनियरों और हमारी सरकार की मेहनत और लग्न का नतीजा है। हमारे ऐक्सपर्टस ने जो मेहनत की है उसके कारण आज लोगों को सैलाब के तूफान से राहत मिली है। इसके साथ साथ जो दूसरे इलाकों में जैसे कि झज्जर, असन्ध और चुडानी भूपनिया वगै।रह पर फलड आता था, वहां पर चुड़ानी भूपनिया ड्रेन बनाकर सरकार ने रोहतक झज्जर के बहुत से इलाके को बाढ़ से बचा लिया है। इस समय झज्जर और असन्ध नगरों को बाढ़ के खतरे से बचाने के लिये कार्यवाही की गई हैं 149 गांवों के गिर्द बनाये गये बांधों से गांवों की आबादियों का बहुत बचाव हुआ है। अब हालात यह है कि इन सभी इलाकों में सैलाब का पानी नहीं भी पायेगा और लोग बड़े आराम से अपनी जिन्दगी बसर कर सकेंगें। इसके लिये मैं अपनी सरकार को बधाई देना चाहता हूं क्याकेकि इसने फलड की जहनत को रहमत में तबदील कर दिया हैं लेकिन इस के साथ–साथ जो कंस्ट्रक ान का काम चल रहा है, उसके बारे में कुछेक बातें बडी सोचने वाली है। कंस्ट्रक ान, डिवीजन का जितना भी काम चल रहा है वहां बहुत सी चीजें लोहा, सीमेंट

ईटें वगैरह होती है। उस सारे सामान की हिफाजत भी सरकार को करनी चाहिये। इसके लिये मैं सरकार से रिक्वैस्ट करूंगा कि सरकार के पास एक स्टेट विजिलेन्स डिपार्टमेंट है जोकि केवल इन्ही बातों की छानबीन करता है और जहां पर गडबड़ होती है उसे सरकार के नोटिस में लाता है। कुछ जगहों पर जहां पर कि कंस्ट्रंक ान का काम चल रहा है वहां पर कुछेक ठेकेदार हेराफेरी करते है और कुछ लोग ऐसे है जो ठेकेदारों से भी उपर उठकर ऐसा काम करते हैं। पिछले दिनों एक केस पकड कर थाने में भी दिया गया था, यहां तक कि उस गाडी का नम्बर तक भी दिया गया जिस में सीमेंन्ट वर्गरह लाद कर ले जाया जा रहा थां। ऐसे केसिज काक विहजिलेन्स लेवैल पर रखा जाना चाहिये और इस डिपार्टमेंट को यह भी देखना चाहिये कि जिन ठेकेदारों ने अपनी कोठियां बनानी भुरू कर दी है और उन कोठियों में जो माल लग रहा है वह उनकी खून पसीने की कमाई है या कि उन्होने वह माल सरकारी गोदामें से या किन्ही ओर वकस से बचा कर वहां पर लगाया हैं। यह भी `दखना चाहिये कि उन्होने जो सीमेंट या ईटें अपनी कोठियों के लिये लगाई है, आया उस माल के लिये उन्होने कोई परमिट वगैरह लिया है या कि वैसे ही सरकार का माल गोल किया है ंइन सभी चीजों की तफसील इस सरकार के विजिलेन्स डिपार्टमेंट के जरिये हासिल होनी चचाहिये ताकि यह पता लग सके कि लोहा, सीमेन्ट और ईटें कहां जाती है और कैसे यह माल खाया जाता है। (विघ्न) इनत माम चीजों की तफती ा आप विजीलैंस के हवाले कीजिये जिसका जिक गवर्नर साहब ने

अपने ऐड्रेस में भी किया हैं जब सरकार के पास कप ान को रोकने के लिये एक साधन है तो उसको जरूर इस्तेमाल किया जाना चाहिये। बाकी किसी भी स्टैट के लिये और खास कर हरियाणा जैसी स्टेट के लिये जिसका दारोमदार देहात का जीवन है उसके लिये यह अहम मसला है कि उसकी जरायती पैदावार कैसे बढाई जाये। इसको बढाने के लिये बहुत सी चीजों की जरूरत पडती हैं मैं बताना चाहता हूं कि करीब 227 करोड़ रूपये का प्लान हमारी सरकार की तरफ से एप्रूव करवाया गया था उसमें बिजली पानी और सड़को बगैरह की सहूलियत भाामिल हैं इसके बाद सब से पहला काम मैं वह लुंगा जो एग्रीकल्चर महकमें के लिये जरूरी है। सबसे पहले हमारे पास आबपा ाी के लिये पानी होना चाहिये और इसी वजह से जो पैसा प्लान के अन्दर रखा गया है उसमे से उसका 66 प्रति ात यानि 142 करोड रूपये इरीगे ान डिपार्टमेंट के लिये रखा गया हैं इरीगे ान के लिये जितनी स्कीमें है उन पर काम चल रहा हैं जैसे एस0वाई0एल0 जिसका ताल्लुक दूसरी स्टेट से है उसके बारे में आप अखबारों मे देखते है कि हमारी सरकार ने प्राइम मिनिस्टर से बात की है और इसके अलावा और भी कोि ा ा की है जैसे नेहरू लिफट स्कीम है जिससे उन एरियाज में पनी पहुंचेगा जहां के बुजुर्ग कभी यह सोच भी नहीं सकते थे कि इस एरिया में भी पानी पहुंच सकता है। इससे जिन इलाकों मे पानी की कमी थी उनमे पानी आएगा यानि वह रकबा भी अब नहरी पानी के सेराब के नीचे आ जाएगा।(विघ्न) कैथल जैसे इलाके में जहां फ्लड आता है उसके

लिये भी सरकार ने प्लान बनाया हैं इस साल यह भी स्कीम रखी गई है कि 18 हजार नये ट्यूबवैलों को कनैक्शन दिया जाये। बिजली की सप्लाई के लिये पहले जहां–जहां भी कमी उसकों दूर करने के लिये भी कोशिश की गई है और उसके लिये बहुत सी नई–नई स्कीमों को पूरा किया हैं इसके बाद जो कमी रह जाएगी उसवको पूरा करने के लिये भी सरकार सोच रही हैं एक एडी भानल थर्मल प्लांट की फरीदाबद में दिसम्बर 1979 तक मुकम्मल होने की उम्मीद है। उससे फरीदाबाद का इंडथ्स्ट्रयल एरियाऔर साथ वाला देहाती एरिया कवर होगा। बाकी पानीपत थर्मल प्लांट की स्टेज दो पूरा करने के बाद और एरियों को बिजली मिल सकेगी। यह तो उन स्कीमों की बात है जो हरियाणा के अन्दर चल रही है। इनके अलावा सरकार ने दूसरी स्कीमों में भी अपना हिस्सा लेने की पूरी कोशिश की है जैसे थी डैम प्रोजैक्ट से भी हमें हमाराहिस्सा मिले, दूसरे साल प्रोजैक्ट जो जे0एडं के0 में है और बैरासियूल स्कीम जो हिमाचल मे हैं और सिंगरौली ताप–बिजली स्कीमा जो यू0पी0 में चली रही है इनत माम स्कीमों मे हमारी सरकार ने हिस्सा लेने की पूरी कोशिश की है और काफी हद तक कामयाब भी हुई है। मैं आपके क्षरा यह भी बताना चाहता हूं कि हमारे किसानों को पैदावार बढानें के लिये न सिर्फ पानी की ही जरूरत है बल्कि उनको फर्टिलाइजर की भी जरूरत हैं उस पर भी हमारी सरकार ने तीन करोड रूपये सबसिडी के तौर पर दिये है ताकि जिस वक्त किसानों को फर्टिलाइजर तकसीम हो उस वक्त उनको यह राहत मिल सके इसी प्रकार से

फसलों को जो बहुत प्रकार की बीमारयिां लग जाती है उनकी रोकथाम के लिये स्प्रे करने का भी इन्तजाम किया है। इसके अलावा किसानों को बीजाई के लिये स्टीफाइड सीड भी दिया गया है। एक समस्या जो बहुत ज्यादा है ओर खास क रवह नारायणगढ़ के इलाके में है। वहां पर जमीन को रिकलेम करने की जरूरत है। इस काम का चार्ज हमने ऐसे आदमी को दिया है जो इस बारे में काफी सूझबूझ रखते है। यानि लैंड रिकलेमें ान का काम बडी सूझबूझ के साथ चल रहा हैं इसके लिये हमें वर्ल्ड बैंक से भी मदद मिली है। रिकलेमें ान कार्पोरे ान के तहत 30 हजार एकड ऐसी जमीन दी गई है जो बिलकुल बेकार थी और उसको ठीक करने के लिये कार्पोरे ान काफी हद तक कामयाब हुई है। आज ये जो भी कदम उठाये गये है इनका नतीजा यह हुआ है कि हमारी स्टेट में जहां पिछले साल 55 लाख टन पैदावार हुई थी वहां इस साल 58 लाख टन पैदावार हुई है और अगर ये काम इसी तरह से चलते रहे तो आने वाले साल में यह 60 लाख टन तक पहुंच सकती हैं इसके साथ साथ किसानों की एक तमलीफ भी है कि जब वे अपना अनाज मंडियों में लेकर जाता है तो उसे बहुत दिक्कत आती है। जैसे इस वक्त आलू का सीजन चल रहा है ओर इसके बाद गेंहू का सीजन आएगा तो इन सीजनों के किसान की पैदावार मंडियों में पड़ी रहती है। मंडियों में इसलिये पडी रहती है कि हमारे पास ट्रांसपोट ान और स्टोर करने की पूरी व्यवस्था नहीं हैं मैं सरकार से गुजारि ा करूंगा कि वह हैफेड जैसी एजेंसियों को मंडियों में भेज कर ज्यादा से ज्यादा

खरीद करवायें । आज आलू की ज्यादा से ज्यादा खरीदकी जायें ताकि किसानों को राहत मिल सकें। इसके बाद हमारेसामने एक मसला और आएगा कि फुड कार्पोरे ान, हैफेड या कोइ दूसरी एजेंसी मंडियों में जो अनाज खरीदेगी उसको स्टारे करनरे का इन्तजाम अभी से करना चाहिये वरना किसान का अनाज कई–कई दिन तक मंडियों में सड़ता रहता है, इसलिये हमारी कोि ा ा यह होनी चाहिये कि जब भी किसान अपना अनाज मंडी में लेकर आये सरकार उसे फौरन खरीद कर अपने गोदाम मेंरख ले। किसान की इस दिक्कत को दूर करने के लिये कोआप्रेटिव सैक्टर का भी इस्तेमाल किया जा सकता हैं मैं अपने कोआप्रे ान मिनिसटर की तवज्जूह इस तरफ दिलाउंगा कि वर्ल्ड बैंक की मदद से अगर ऐसा इंतजाम किया जा सके तो बहुत बेहतर होगा। छोटी छोटी मार्किट के साथ भी अगर ऐसा इंतजाम हो जाये तो बहुत अच्छा है क्योंकि हमारी कोआप्रटिव सोसाइटियां मौजूद है उनके जरियें ज्यादा से ज्यादा पैसा लगा कर गोदाम बनाने का यह काम हो सकता हैं आपकी स्टोर करने की इस वक्त जो कैपेसिटी है। वह करीब साढे 14 लाख टन की है जिसको कि और बढ़ाने की जरूरत है। इसी बात से किसानों को हर फसल पर कर्जों की जरूरत पड़ती हैं मे। इस बात का भुक्रिया अदा करता हूं कि सरकार ने जो कहा कि 14 परसैंट सूद घटाकर उन्होने 11 परसैंट कर दिया है। लोन पर यह जो तीन परसैट की छूट है यह बहुत बडी कामयाबी है लेकिन लोअर लैवल पर लोगों को लोन लेने के समय बहुत सी दिक्कते होती है। उसके लिये कुछ न कुछ मियाद होनी चाहिये ताकि

फसल के मौके पर अगर किसी किसान ने अपने पिछले साल के कर्जे को चुका दिया है तो उसको मीडियम टर्म या भाार्ट टर्म जिसमें कर्जा दिया जाता है उसमें उसको कर्जा दिया जाना चाहिये। कर्जा देने का मियाद फिक्स होनी चाहिये। 15 दिन या महीने के अन्दर उसको कर्जा दियाजाना चहिये । यह जो मिनि बैंक्स खुले हुये वहां के सेक्रटरी किसानों को बहुत तंग करते है। किसान अपने कागजात लेकर जाता है तो उसके कागजातो में कोई न कोई कमी निकाल दी जाती है। इस तरह उसको जो वह लोन चाहता है वह समय पर नहीं मिल पाता। किसान को 15 दिन या 20 दिन के अन्दर कर्जा मिलना चाहिये। मिनी बैंक का का सैक्रेटरी जो किसान के कागजों में एक भी गड़बड़ी निकाल देता है तो उसे दो दो महीने फिरना पड़ता है वह कभी ए0आर0ओ0 के पास जाता है तो कभी किसी अधिकारी के पास जाता हैं इन बैंको में तो उसको कर्जा मिलता है जो सैकेटरी को पसन्द है। उसको तो वह दोपहर से पहले एप्लाई करवायेगा और दोपहर के बाद उसको कर्जा भी दिलवा देगा। मैनेजर की यह ब्लेंक्ट अख्तियार नहीं होना चाहिये। किसान के पैसे का इन्तजाम 15 दिन के अन्दर होना चाहिये । उसकी लिमिट तय होनी चाहिये।

सहकारिता तथा दुग्ध विकास मंत्री (चौधरी भजन लाल): किसान को कज्र 15 दिन के अन्दर मिलेगा। यह लिमिट हम फिक्स करने जा रहे है ताकि जल्दी से जल्दी किसान को कर्जा मिले।

चौधरी खुर ीद अहमदः यह लिमिट स्टैचुटरी होनी चाहिये। हमारे किसानों का केवल जमीन का मसला नहीं होता, उन्हें इसके साथ साथ मवे ाी भी पालने होते है, डैरी का भी काम होता है, मछली पालन का काम है और बहुत से अन्य कामों के लिये भी उन्हें मदद की जरूरत होती है। इन कामों के लिये डेरी डिवैल्पमेंट कारपोरे ान बनायी गई हैं उसको 25–30 करोड़ रूपया सालाना दिया है ताकि और चिलिंग सैन्टर या पलंट खोले जायें और दूध की पैदावार ज्यादा हौ। कई बार ऐसा हो जाता है कि किसान को दूध की वह कीमत नहीं मिलती है जितनी उसकी लागत आती है। पहले उसका दूध पास के प्रदे ाों में लग जाता था। अब दूध का ऐक्सपोट्ट कम हो गया है। अब कम से कम उनका दूध दिल्ली जाता हैं सिर्फ दिल्ली जाने से घाटा हैं अब तो दिल्ली जाने पर भी पाबन्दी लगा दी गई है। इससे मिल्क प्रोडयुसर को नुकसान है। उसका एक ही सोर्स रह गया हैं इससे कम्पैरीटिवली किसान की दूध की प्रोडक ान कम हो जाती है। यह मोनेापली नहीं होनी चाहिये। इस मोनोपली में एक ही ऐजेंसी को दूध जाता है। इस तरह की मोनेपली से राज्य में करप ान होगी। इसलिये मैं फील करता हूं कि इस तरह की मोनोपली बिल्कुल नहीं होनी चाहिये। किसान की वही पहले वाली कैपेसिटी रहनी चाहिये। हिछली का एरिया हमे ाा खुला रखा जाये ताकि एक आदमी भी दूध ऐक्सपोर्ट कर सके। डिप्टी स्पीकर साहब, इसी तरह की आज बहुत सी बातें है। देहात का पढ़ा–लिखा तबका जिसको नौकरी नहीं मिलती उसको नौकरी पाना भी मुमकिन नहीं

है। अगर सब को हम नौकरी न दे सके तो उनके लिये छोटी–छोटी इंडस्ट्रीज खोलने का इंतजाम किया जाये। गवर्नर साहब के ऐड्रैस में कहा गया है कि रूरल एरियाज में वर्श 1978–79 में 330 यूनिटें खोलने का जो टारगेट था वह पूरा कर लिया जाएगा। ताकि देहात में रहनेवालो को जहां लेबर चीप मिल जाती है, रोजगार मिल सके। गवर्नर ऐड्रैस में यह भी कहा गया है कि अगले पांच सालों में 1900 युनिट्स स्थापित करने की कोि ा ा की जायेगी। इन लोगों को टैक्नीकल गाइडैंस देने का भी इंतजाम किया जायेगा। एक देहाती इलाके में देहात का एक नवयुवक जब इंडस्ट्रियल यूनिट खोलना चाहता है तो उसको लोन देले के लिये दिक्कते होती है। कई गांव ऐसे है जहां बैंक नजदीक नहीं है उनको यह कह दिया जाता है कि बैंक 10 किलोमीटर के एरिये में ही लोन दे सकता हैं जो गांव बैंक के 10 किलोमीटर के एरिये में नहीं आता है उसकी डिफीकल्टी को दूर करके ज्यादा से ज्यादा इंडस्टरी गांव में लगायें औरउसको टैक्नीकल गाईडैंस दी जाये । देहात में जो टैक्नीकली एक्सपर्ट है उनको लगाया जाये। टैक्नीकली एक्सपर्ट लग रहे है और लगे हुये है उनको देहात में भेजा जाये ताकि देहात के लोगों को गाइडैंस लेने के लिये चण्डीगढ़ न आनापड़े। बड़े कारखानों को लगाने के लिये ह मदस एकड़ जमीन देते है जबकि एक बडा कारखाना केवल तीन चार एकड में ही लगा लिया जाता है। बहुत हुआ कोई बहुत बडा कारखाना लगायेगा तो दस एक डमें से तीन चार एकड जमीन पर लगा लेगा परन्तु इसके अलावा तो बाकी जमीन बरबाद

होती है। उसमें कोइ प्रोडक ान नहीं होती है वह बेकार पडी रहती है। वे तो इस दस एकड़ जमीन के रकबे पर पूरा कब्जा कर लेते है, और कारखाना सिर्फ एक कोने में लगा हआ पाया जाता हैं। फरीदाबाद, गुड़गांव मेंकई बडी बडी इंडस्टरीज लगी हुई हैं अब धारूहेड़ा में भी लगी है। लेकिन अभी तक उनमें कोई प्रोडक ान भुरू नहीं हुआ है। जिन लोगों से ये जमीने एक्वायर की थी उनसे तो तीन रूपये गज खरीदी गई थी और कारखानेदारोंको 60 रूपये गज तक बेची गई। इसतें सरकार को फायदा हुआ। सरकार ने तो अपना फायदा सोचा अब वही जमीन लाखों के दाम पर मिलती है। (विघ्न)

एक सदस्यः आपकी केवल दो जिलों पर ही नजर क्यों है?

चौधरी खुर ीद अहमदः दोजिलों पर नजर इसलियें है क्योकिं आप जैसे लोग दिल्ली में रहते है ओर इन जिलों को दिल्ली नजदीक पडती है इसलिये सब ने इन्ही दोजिलों में कारखानों के लिये जमीन ले ली है। आप लोग फरीदाबार और गुड़गाव पर ही गब्जा कर रहें है। ऐसे बड़ेबड़े कारखानों को लगाने की पाबन्दी होनी चाहिये जिनसे केवल जमीन पर कब्जा हो और प्रोडक ान न हो। ये सरमायेदार लोग मजदूर के हक की बात नहीं करते हैं वे अपना सरप्लस रूपया लगाकर जमीन पर कब्जा कर लेंते है। सरकार को उतनी ही जमीन देनी चाहिये जितने पर प्रोडक ान हों अब इसी प्रकार सरकार ने पानीपत में

फर्टेलाइजर का कारखाना लगाया है। सरकार के अनुसार यहां खाद का उत्पादन भुरू हो गया हैं अब हमें देखना है कि सरकार इसमें कितनी कामयाब होती हैं

अब मैं एक और चीज की तरफ आपकी मारफत सरकार का ध्यान दिलान चाहता हूं। वह है ऐजुके ान के बारे में। बहुत से गांवो में प्राइमरी स्कुलों को मिडल स्कूल बनाने की जरूरत है और मिडल स्कूलों को हाई स्कूल बनाने की जरूरत है यानि इनको अपग्रेड करने की जरूरत हैं सरकार ने पिछले साल 71 स्कूलों को प्राइमरी से मिडल बनाया था और 40 मिडल स्कूलों को हाई स्कूल लेवल पर लाया गया लेकिनयह काफी नहीं है। ऐजुके ान के उपर ज्यादा से ज्यादा पैसा खर्च होना चाहियै। बच्चों की तालीम की सरकार की जिम्मेदारी होती है और सरकार को यह भी देखना चाहिये कि स्टेट में ऐजुके ानल इम्बैलेंसिज पैदा नहीं होने चाहिये। कुछइलाके तो ऐसे है जिनमें तालीम काफी हद तक बढी हुई है और कुछ इलाके ऐसे है जिनमें तालीम सिर्फ नाम मात्र ही मौजूद है। यह नहीं होना चाहिये कि हर हल्के के लिये यूनिफार्म रूल बनाये जांए कि हर हल्के मेंदो स्कूल अपग्रेड होगें। अब लीजिये जैसे श्री मूलचन्दजैन जी करनाल में रहते है वहां भी दो स्कूल अपग्रेड होगें। लोहारू में भी, क्योंकि वहां हमारे ऐजुके ान मिनिसटर साहब रहते है, दो स्कूल अपग्रेड होगें । ऐसे ही रोहतक में भी दोस्कूल अपग्रेड होने चाहिये। सरकार को अपग्रेडे ान के वक्त यह देखना चाहिये कि किस इलाके में

कितनी तालीम की जरूरत है ओर कितनी इस समय वहां मौजदू हैं गवर्नमेंट के ऐजुके ानल इंस्टीच्यू ांज को ध्यान में रखते हुये ऐजुके ान इम्बैलेसिंज को दूर यिका जाये और जो ऐसे इलाके है जिनमें काम भाुरू है, जिमें यूनिवर्सिटियां पहले से ही मोजूद हे, जिनमें काफी स्कूल भी है, जिनमें माडल स्कूल है, प्राइमरी स्कूल है, हाई स्कूल है और कालेज है ओर बहूत से प्राइवेट स्कूल खोल सकते है ऐसे इलाकों को छोड कर गवर्नमेंट उन इलाकों की तरफ ज्यादा ध्यान दे जहां पर ये सुविधांए नहीं है। दूसरी प्वायंट हाई स्कूल ऐजुके ान के बारे में हैं प्राइवेट कालेजों के लिये जो यह फैसला किया गया है इनको 75 परसैंट पैसा डैफीसीट को मीट करने के लिये दिया जाएगा, यह बहुत ही अच्छा कदम है। दरअसल यह होना चाहिये जैसा कि मैने प्राइमरी ऐजुके ान के बारे में कहा हैं। इस तरह से कालेज ऐजुके ान पर भी सरकार की ही जिम्मेवारी होनी चाहिये। अब सरकार जो 75 परसैंट ग्रांट देती है यह 75 परसैन्ट की बजाये 95 परसैन्ट दी जानी चाहिये।

इसके बाद मैं एक और बात कहना चाहता हूं जिसकी बहुत ज्यादा जरूरत है। टैक्नीकल ऐजुके ान इस स्टेट में लोअर लैवल पर प्रोवाइड की जाए ताकि जो थोड़ी तालीम वाले लोग है वह अपनी टैक्नीकल ऐजुके ान हासिल कर सकें और अपना रोजगार कमाने के काबिल हो जाएं। इस काम के लिये जितना ज्यादा से ज्यादा पैसा दिया जायेगा वह हमारे लिये मुफीद साबित होगा और हरियाणा में जो अनएम्प्लायमेंट की समस्या है वह दूर

होगी। इससे गरीब तबके का भी काफी हद तक सुधार हो सकता है। यह जो अनाज के बदले काम की स्कीम है जिसका अभिभाशण में जिक्र किया गया है वह काफी हद तक बहुत सी छोटी–2 जरूरतों को पूरा भी कर देगी और गांव के गरीब लेागों का इससे थोडा बहुत गुजारा भी होता रहेगां सब्जी की का त और मुर्गीपालन की जो स्कीमें है यह बहुत अच्छी है। दिल्ली के आसपास बसने वाले इलाकों में इस पैदावार को आसानी से दिल्ली की मार्केट में भेजा जा सकेगा। हमारी सरकार ने दिल्ली के आसपास 40 मील के एरियेके इलाकों के लिये जो पैसा रखा है यह एक बहुत ही अच्छी स्कीम है। इससे रोजाना दिल्ली की मार्केट में वह चीज सप्लाई की जा सकती है। अगर यह 40 मील की हद हट जाये या इसको दूर कर दिया जाये तो हरियाणा को अपनी वस्तुओं से कमाई करनें के लिये साधन मुहैया हो जाता है। इसके बाद गांव के लोगों की जो सबसे बडी जरूरत है वह वाटर सप्लाई की है, पीने के पानी की है। जिन गांवों में पीने का पानी नहीं है उन गावो को पानी की बहुत ज्यादा जरूरत है। सरकार ने वर्श 1978–79 में तकरीबन 125 गांवों को एक साल के अन्दर–2 पीने का पानी दिया हैं सरकार का यह एक बहुत अच्छा कदम है। इसके अलावा सरकार ने अगले साल के लिये जो गांव रखे हे वह 170 गांवों की प्लान रखी हे। इसके अतिरिक्त इसी साल नलों द्वारा 190 गांवों को जो पीने का पानी देने का प्रस्ताव है यह भी एक बहुत ही सराहनीय कदम हे क्योंकि बहुत से गांवों मे पीने के पानी की बहुत दिक्कत थीं वर्श 1977 तक हरियाणा में 930 गांवों

को पीने का पानी दिया जा चुका था और अब 190 गांवो को पानी दिया जाना बाकी है। मैं सरकार को मुबारकिवाद देता हूं और यह उम्मीद करता हूं कि जितने भी गांव अगलेसाल में रखे है उनको भी पीने के पानी सुविधा जल्दी दी जाएगी। यह एक ऐसा कदम हे जिसका असर गांव के लोगों की जिन्दगी पर बहुत अच्छा पड सकता ह। दूसयरा सरकार ने 1982 तक हर गांव को सडक देने का प्रोग्रम रखा ह। सडक और बिजली के बिना गांवों की तरक्की नहीं हो सकती हैं वर्श 1982 तक हर गांव कोसडक से कनैक्ट करने से हमारा यह पैसा बहुत अच्छे प्रोजैक्ट पर खर्च होगा। इन भाब्दो के साथ मैं कहना चाहता हूं कि बहुत सी जो ऐसी चीजे है जिनका जिक्र मेरे साथी कर सकते है, और कह सकते है कि यह चीज नही`ं होनी चाहियें और ऐसा हमारे सामनेआया भी है कि बहुत सी चीजों काजिक्र हमारे गवर्नर साहब करना भूल गये है। लेकिन मैं बता दूं कि ला एंड आर्डर की सिच्यूए ान का बडा मसला है जिसका जिक्र इसमें किया गया है उसमें लिखा गया है कि पूलिस अमले को बढाया गया है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारी स्टेट में जरायम ज्यादा हुये है बल्कि कानून तथा व्यवस्था को और ठीक ढंग से चलाने के लिये अमले को बढाया गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि हरिजनों को, सफाई कर्मचारियों को सहूलियतें दी गई है। यह बात ठीक है। हर म्यूनिसिपल्टी के पिछले बजट में बहुत से कर्मचारियों को सहूलियतें दी गई । इसके अलावा हरिजनों के लिये जो चौपाल का प्रोग्राम था उसके लिये भी सरकार ने बहुत कुछ किया है

क्योंकि अच्छी पोजी ान हरिजनों को गांव में दे दी है। इसके अलावा और भी चीजें है जिनका अच्छी तरह से इंतजाम किया गया है।

डिप्टी स्पीकर साहब, गुड़गांव जिला में मेवात का एक कम्पैक्ट एरिया है। वहां पर एक माइनोरिटी कम्युनिटी है। वहां पर सी0एम0. साहब त ारीफ ले गये थे और नूंह के मुकाम पर उन्होने ऐलान कियाथा कि इस कम्युनिटी को सर्विसीज में 10 परसैंट रिजर्वे ान की जायेगी। उन्होने बडी दियादिली से इस बात को कबूल किया था कि इनके लिये रिजर्वे ान होनी चाहिये। इन्होने उसी स्टेज पर बोलते हूये एलान किया था कि जल्दी से जल्दी इस तरफ कदम उठाएंगे और इस अ योरेंस को पूरा करने की कोि ा ा करेगें। यह एलान करके उन्होने मेवात के अन–एम्पलायड यूथ्स की बडी मदद की है ओर यह इस माइनौरिटी के लिये बडी सैटिस्फैक ान की बात है। कांस्टीच्यु ान के तहत इस माइनोरिटी कम्पुनिटी के लिये स्पै ाल प्रोवीजन नहीं किया जा सका, लेकिन सरकार अपने जराये को इस्तेमाल करके इनको सहूलतें देगी ताकि वहां के लोगों को एम्प्लायमेंट के पूरे चांसिज मिल सकें। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं कि सरकार ने अपने प्रोग्राम की झलक, जो गवर्नर ऐड्रेस के जरिये हाउस में पे ा की है , उसकी मैं पुरजोर ताईद करता हूं और जिस वक्त हाउस में यह मत पास हो जाये, भाुकिया का पैगाम पास हो जाये तो गवर्नर साहब को भेज दिया जाये।

श्रीमती सुशमा स्वराज(अम्बाला कैंट): मेरे भाई श्री खुर ाीद अहमद द्वारा रखे गये प्रस्ताव का मैं समर्थन करने के लिये खडी हुई हूं। उपाध्यक्ष महोदय, राज्यपाल का अभिभाशण सरकार की उपलब्धियों, सरकार के कार्यक्रमों और उसकी नीतियों का घोशणा–पत्र होता है जो राज्यपाल के अभिभाशण द्वारा सदन में घोशित किया जाता है ओर सदन के सदस्यों को मालूम पडता है कि चालू वित्त वर्श के अन्तर्गत सरकार ने क्या–क्या प्रोग्राम बनाये और अगले साल के लिये क्या कार्यक्रम तैयार किये हैं संसदीय प्रणाली में यह रिवाज चला आ रहा है कि राज्यपाल का अभिभाशण सरकार द्वारा ही तैयार किया जाता है और भाशण में कही गई सारी बातों की जिम्मेदार सरकार की होती है ओर सब बातों के लिये जवाबदेह भीसरकार ही होती है। इसलिये मैं राज्यपाल महोदय का धन्यवाद करती हूं ओर भाई खुर ाीद अहमद के प्रस्ताव का समर्थन करती हूं। राज्यपाल महोदय ने आना बहूमूल्य समय निकाल कर हमारे सदन के सदस्यों को सम्बोधित करने की जो कृपा की है, मैं उनका धन्यवाद करती हूं, लेकिन इसके साथ ही साथ मैं सरकार का ध्यान, इस अभिभाशण मे कही गई कुछ एक बातों की और आकर्शित करना चाहूंगी। उपाध्यक्ष महदेय, सबसे पहले मै एक टिप्पणी इस अभिभाशण के बारे में करना चाहती हूं। अगर एक नजर से इस सम्भाशण को देखा जाये, एक झलक से देखा जाये तो ऐसा मालूम होता है कि पिछले 30 वर्शो से काम करने का एक ढर्रा चला आ रहा है और उस ढर्रे से, उस दायरे से हमारी सरकार निकल चुकी है और काम करने

का अपना दायरा बदला हैं एक झलक सामने यह आती है कि आज हमारी जनता सरकार ने अपनी पूंजी का रूख भाहरों से हटाकर गांवों की तरफ मोड़ा है और गांवों में सरकार ज्यादा से ज्यादा पैसा खर्च करेगी। आज तक सदियों से उपेक्षित वर्ग, वि ोश तौर पर किसान वर्ग कोजयादा से ज्यादा आर्थिक राहत देने की कोि ा ा इन जनता सरकारने की है। लेकिन इसके साथ ही साथ इस अभिभाशण को पढ कर मुझे लगा कि यह भाशण, जयादातर सरकार के वायदों या आ वासनों को रोटीन स्टेटमेंटस पर आधारित हैं इसमें सरकार की प्रगति को आंकडाबद्ध करनेकी कोि ा ा नहीं की गई। मेरा सरकार को यह सुझाव है कि अगर सरकार प्रान्त में की गई प्रगति को आंकडों में बांध देती तो बात करने का वजन बढ़ जाता है। इसमे पैरा 11, 24 और 28 ऐसे पैराग्राफ है नि में देहातों मे ंबनाये जाने वाले हस्पताल, सरकार द्वारा चालू किये जाने वाले गृह–निर्माण के कायक्रम पर केवल घोशणा–मात्र की है, आकंड़े नहीं दिये गये। यह तो एक ढर्रे की बयानबाजी है कि जलमार्ग पक्के किये जा रहे है, सड़के पक्की की जा रही हैं इन पैराग्राफस को बारबार पढ़ कर ऐसा लगता है कि जैसे कि सरकार ने घोशणा करने की कोि ा ा की है, किसी प्रकार के आंकडे देने की कोि ा ा नहीं की गई। जब में इन पैरों को पढ रही थी तो मुझे अपने स्कूल के समय की एक घटना याद आ गई । जब हम इतिहास पढा करते थे तो उसमें राजा–महाराजाओं के द्वारा किये गये कार्यो का लेखा जोखा होता था। सम्राट अ ाोक के काल से लेकर मुगल बाद ााहों के समय

